आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 15.05.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- "तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा" को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– भारत के वीर जवानों ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को मुंहतोड़ जवाब दिया।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने हरिद्वार कॉरिडोर, ऋषिकेश मास्टर प्लान और शारदा कॉरिडोर के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- देश की भू–आधारित अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एरीज और डीआरडीओ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- अल्मोड़ा में प्याज व लहसुन की उत्पादकता में सुधार लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

"तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा"

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राजधानी देहरादून में "तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा" निकाली गई। इस अवसर पर विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के वीर जवानों ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को मुंहतोड़ जवाब दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए श्री धामी ने कहा कि आज भारत किसी भी आतंकवादी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है और अब देश की सीमाओं की सुरक्षा अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक से की जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में हर वर्ष 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' मनाने का आह्वान किया।

बैठक

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने देहरादून में आयोजित बैठक में हरिद्वार कॉरिडोर, ऋषिकेश मास्टर प्लान और शारदा कॉरिडोर के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है।

बैठक में उन्होंने कहा कि हरिद्वार कॉरिडोर के अन्तर्गत जिन परियोजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र होना आवश्यक है, उन्हें प्राथमिकता दी जाये तथा कार्य प्रारम्भ किया जाये। मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार कॉरिडोर के विकास कार्यों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि आस्था से जुड़े क्षेत्रों और उनके मूल स्वरूप से कोई छेड़छाड़ न हो।

श्री बर्द्धन ने शारदा नदी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट के कार्यों की भी प्राथमिकता निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रकृति के अनुसार सम्बन्धित विभाग द्वारा ही कार्यों को संपन्न कराया जाए।

मुख्य सचिव ने ऋषिकेश मास्टर प्लान पर चर्चा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऋषिकेश का मोबिलिटी प्लान और पुराना रेलवे स्टेशन के आसपास प्रस्तावित कार्यों को समग्र रूप से तैयार किया जाए।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बूथ स्तर के अधिकारियों–बीएलओ को जल्दी ही मानक पहचान पत्र जारी किए जाएंगे, ताकि वे सुचारू रूप से घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर सकें। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली में हरियाणा, दिल्ली और बिहार के बूथ स्तर के अधिकारियों, निरीक्षकों और मतदाता पंजीकरण अधिकारियों के लिए दो दिन के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

समझौता

नैनीताल के एरीज और देहरादून स्थित डीआरडीओ ने देश की भू–आधारित अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान अनुसंधान संस्थान और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के बीच यह साझेदारी अंतरिक्ष निगरानी प्रणालियों तथा भू–आधारित खगोलशास्त्र के क्षेत्रों में संयुक्त लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक रणनीतिक पहल है। दोनों संस्थानों की भौगोलिक निकटता से नियमित संपर्क, संसाधनों की सुलभता, तकनीकी आदान–प्रदान व संयुक्त गतिविधियों का समन्वय सहज होगा।

राष्ट्रीय कार्यशाला।

अल्मोड़ा के विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में प्याज और लहसुन पर तीन दिवसीय 16वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि वैज्ञानिकों के माध्यम से नए भारत की संकल्पना साकार होगी।

संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने बताया कि प्याज और लहसुन पर आयोजित कार्यशाला में वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध पर चर्चा की जाएगी, जिसके बाद किसानों को जानकारी दी जाएगी।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्याज और लहसुन की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार लाना है।

गिरफ्तार

प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता मिली है। कल विजिलेंस टीम ने देहरादून के पटेल नगर थाना क्षेत्र के आईएसबीटी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक देवेंद्र खुगशाल को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि चौकी प्रभारी के पास एक जमीन विवाद की जांच लंबित है, जिसमें उसने गैंगस्टर एक्ट लगाने की धमकी देकर 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के संकल्प पर अडिग है, जो भी अधिकारी या कर्मचारी जनता का शोषण करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हेमकुंड साहिब यात्रा

चमोली जिले में हेमकुंड साहिब–लोकपाल यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। यात्रा व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के लिए जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को 20 मई तक सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हेमकुंड साहिब–लोकपाल यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर आयोजित बैठक में यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

उन्होंने पीएमजीएसवाई को गोविंदघाट से पुलना तक सड़क पर मिशन मोड पर सुरक्षात्मक कार्य करने, गड्ढों को भरने और जेसीबी लगाकर सड़क को सुचारू करने को कहा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने जल संस्थान को पेयजल व्यवस्था और विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

केंद्र सरकार की ओर से एचसीएल–फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम को मूंजरी की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहार का शीर्षक है–जेवर में 3 हजार 706 करोड़ की लागत से लगेगा सेमीकंडक्टर चिप कारखाना। इस खबर पर दैनिक जागरण की हैडिंग है–जेवर में लगेगी देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित 'तिरंगा शौर्य सम्मान' यात्रा को सभी समाचार पत्रों ने सचित्र प्रकाशित किया है, हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से शीर्षक दिया है– ऑपरेशन सिंदूर पर हर भारतीय को गर्व।